सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाने के तेरहमील चौराहे पर गुरुवार शाम सड़क पार कर रहे अधेड़ को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अधेड़ को पहले मूरतगंज सीएचसी ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने उन्हें प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रिफर कर दिया। वहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अधेड़ की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चरवा थाने के सैयद सरावां मजरा कूड़ापुर निवासी धर्मपाल सरोज (४८) पुत्र मोहनलाल खेती-किसानी करते थे। उनके बेटे नीलू के अनुसार गुरुवार सुबह पिता संदीपन घाट क्षेत्र के कुरई उमरछा गांव स्थित अपनी ससुराल गए थे। शाम को घर लौटते समय वह ऑटो से तेरहमील चौराहे पर उतरे। इसके बाद प्रयागराज-कानपुर जीटी रोड पैदल पार करने लगे। इसी दौरान मूरतगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार उन्हें टक्कर मारते हुए निकल गई। हादसे में धर्मपाल गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने उन्हें मूरतगंज सीएचसी पहुंचाया। जानकारी मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें एसआरएन अस्पताल रिफर कर दिया, जहां रात में इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

डा. कलाम का जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत

कौशाम्बी। पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डा० एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमवीआईईटी) में प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वक्ताओं ने डा० कलाम के जीवन, संघर्ष, वैज्ञानिक उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक डा० एसपी गौतम ने कहा कि सफलता के लिए दृढ़ संकल्प, निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण जरूरी है। डीन डा० अजय सिंह ने कहा कि साधारण परिस्थितियों से देश के सवोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने की डॉ. कलाम की जीवन यात्रा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। चुनौतियों से घबराने के बजाय उन्हें अपनी क्षमता साबित करने का अवसर मानना चाहिए। एमवीएसएम के निदेशक डॉ. दिवाकर त्रिपाठी ने शिक्षा, अनुशासन और सकारात्मक सोच के जरिए देश की प्रगति में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में इंजीनियर कुलदीप पटेल, कमलेश द्विवेदी, एजाज अहमद, हुमा बानो, पूर्णिमा प्रजापति, प्रदीप मिश्रा, प्रदीप यादव, डॉ. गरिमा सहित संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने की मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते डीएम ।

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी डा० अमित पाल ने शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में अह्ता तिथि ०१ जनवरी, २०२७ के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/ राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि ०१ जनवरी, २०२७ के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के के संबंध में कार्यक्रम निर्धारित कर दिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मतदेय स्थलों का संभाजन एवं पुनर्गठन ०२ नवंबर, २०२६ तक पूरा किया जाएगा। एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन १२ नवंबर, २०२६ को किया जाएगा। इसके उपरांत, दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि १२ नवंबर से ११ दिसंबर, २०२६ तक निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण २८ दिसंबर, २०२६ तक किया जाएगा। इसके बाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन ०४ जनवरी, २०२७ को किया जाएगा।

दबंगों ने पिता-पुत्र को बेहरमी से पीटा

कौशाम्बी। कोखराज कोतवाली क्षेत्र के शहजादपुर के पास दबंगों ने पिता पुत्र को रोक लिया, और उनकी पिटाई करना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुन कर आस पास के लोग मौके पर पहुच गये, लोगों ने बीच बचाव किया तब जाकर उनकी जान बची। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग किया।

प्रतापगढ़ जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र के मऊदारा गांव निवासी रमेश यादव ने बताया कि १५ अक्तूबर को वह अपने बेटे के साथ घर की जरूरतों का सामान लेने सिराथू गए थे। लौटते वक्त शहजादपुर गंगा पुल के समीप पहले से घात लगाकर बैठे अनिल यादव निवासी डोरमा थाना सैनी ने अपने रिश्तेदारों वंश यादव, रितिक यादव व सतीष यादव निवासी शहजादपुर के साथ मिलकर रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए पिटाई शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पर बेटे को भी पीटा। शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने घायलों का मेडिकल करा दिया है। कोखराज इंस्पेक्टर संतोष शर्मा से बात किया गया तो उनका कहना है, कि ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है।

मां शीतला दरबार में उमड़े श्रद्धालु गंगा स्नान कर मांगी सुख-समृद्धि

शारदीय नवरात्र के छठे दिन शुक्रवार को शक्तिपीठ कड़ाधाम में मां शीतला के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह चार बजे से रात दस बजे तक मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। नवरात्र की षष्ठी तिथि पर मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा का विशेष महत्व है। शुक्रवार को सुबह से ही श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचकर स्नान और पूजन करते नजर आए। भक्तों ने ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को अन्न, धन और वस्त्र दान कर पुण्य अर्जित किया। इसके बाद गंगा घाट से मां शीतला के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने माता की दिव्य जलहरी कुंड में गंगाजल अर्पित कर माँ को नारियल, चुनरी, बताशे और भोग चढ़ाया। भक्तों ने माता से अपने परिवार के सदस्यों की कुशलता, गंभीर बीमारियों से मुक्ति और सुखमय जीवन की प्रार्थना की। इस दौरान धाम क्षेत्र की दुकानों पर भी दिनभर रौनक रही। श्रद्धालुओं ने गमछा, चुनरी, पूजा सामग्री और धोती की खरीदारी की। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन तथा रसोई में उपयोग होने वाले सामान खरीदे, जबकि बच्चों ने खिलौने और टोपियां पसंद की। मां शीतला मंदिर प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष अजय पांडेय ने कहा कि जो भक्त नवरात्र के पावन दिनों में सच्चे मन से मां शीतला के चरणों में शीश झुकाकर पूजा आरती करता है, गलती की क्षमा मांगता है उन भक्तों पर माता रानी की विशेष कृपा बनी रहती है। मां अपने भक्तों के संकट दूर कर उनके परिवार में सुख-समृद्धि बनाए रखती हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर एसपी सत्यनारायण प्रजापत के निर्देश पर पूरे मेला क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा। मंदिर परिसर, गंगा घाट, मुख्य मार्ग, पार्किंग, भैरवनाथ मंदिर और देवीगंज सहित प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। पुलिस अधीक्षक स्वयं कड़ा धाम नवरात्रि मेले में भक्तों की सुरक्षा का अपडेट ले रहे हैं। रात दस बजे शयन आरती के बाद मेला सकुशल संपन्न हुआ तो पुलिस प्रशासन व पंडा समाज में रात के साथ ली, लोगों का कहना है, कि इसबार भीड अधिक हो रही है।

आभूषण की दुकान से साढ़े चार लाख के गहने चोरी

कौशाम्बी। महेवाघाट थाना क्षेत्र के घोघपुरवा गांव स्थित आभूषण की दुकान से गुरुवार दोपहर शातिरों ने नकदी-गहनों भरा बैग पार कर दिया। बाद में बैग खंडहर में पड़ा मिला। उसमें नकदी तो मिल गई लेकिन, करीब साढ़े लाख रुपया कीमत के आभूषण गायब मिले। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

महेवाघाट के शाहपुर निवासी बबलू सोनी पुत्र लखन लाल सोनी ने घोघपुर चौराहे पर आभूषण की दुकान खोल रखी है। उसने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह दुकान पर ही अचानक झपकी आने पर सो गया। इस दौरान शातिर नकदी-गहनों से भरा बैग चोरी कर ले गए। बाद में खोजबीन के दौरान बैग पास स्थित खंडहर में पड़ा मिला। उसमें ४० हजार रुपये मौजूद थे। एक किलो चांदी की १० जोड़ी पायल व १५ ग्राम सोने की नथिया, कील एवं अंगूठी गायब थी। पीडित के मुताबिक, सुबह उसकी दुकान पर घोघपुर गांव के लवलेश और ठोकिया आए थे। लवलेश ने पांच सौ रुपये में एक जोड़ी बिछिया भी गहन रखी थी। इस संबंध में थाना प्रभारी कुमार शंकरम का कहना है कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। घटना की जांच कराई जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा।

शादी की जिद पर बीएसएनएल टावर पर चढ़ी नाबालिग छात्रा

महगांव,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर बजहा इमामगंज के पास शुक्रवार की शाम एक अजीबोगरीब और सनसनीखेज मामला सामने आया। प्रेम प्रसंग के चलते शादी की जिद पर अड़ी एक १५ वर्षीय नाबालिग छात्रा शुक्रवार शाम बीएसएनएल के ऊंचे टॉवर पर जा चढ़ी। छात्रा ने चेतावनी दी कि यदि उसके प्रेमी से उसकी शादी नहीं कराई गई,तो वह अपनी जान दे देगी। इस हाईवोल्टेज ड्रामे से इलाके में हड़कंप मच गया और भारी भीड़ जमा हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चरवा थाना क्षेत्र के गोगाही गांव निवासी राम सिंह की लगभग १५ वर्षीय पुत्री हिमांशी का प्रेम प्रसंग संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पनोई गांव निवासी अखिल कुमार पुत्र लालचंद के साथ चल रहा है। बताया जा रहा है कि परिजनों द्वारा शादी न मंजूर किए जाने या अन्य कारणों से उपजे तनाव के चलते छात्रा शुक्रवार शाम सिकंदरपुर बाजार स्थित बीएसएनएल टॉवर पर जा पहुंची और ऊपर चढ़ गई। घटना की सूचना मिलते ही संदीपन घाट थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार नागर ने पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला और टॉवर पर चढ़ी डरी-सहमी छात्रा को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए लगातार प्रयास शुरू किए। पुलिस अधिकारियों ने उसे भरोसा दिलाया कि उसकी जिद और इच्छा के अनुसार ही उचित कदम उठाया जाएगा और किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। सूत्रों और शुरुआती जांच से यह भी पता चला है कि जिससे छात्रा प्यार करती है वह फिलहाल रोजगार या अन्य सिलसिले के चलते दिल्ली में मौजूद है। खबर लिखे जाने तक पुलिस और स्थानीय लोग छात्रा को समझा-बुझाकर नीचे उतारने के प्रयास में जुटे हुए थे,लेकिन समाचार प्रेषण तक वह टॉवर पर ही डटी हुई थी। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं। वही घटना को लेकर थानेदार से बात किया गया तो उनका कहना है, कि टायबर पर नाबालिग छात्रा को सकुशल नीचे उतार लिया गया है, और वह ऐसा कद्म क्यो उठाया है, इसको लेकर जांच किया जा रहा है, और उसके परिजनों को भी समझाया गया है, कि ऐसी कोई घटना दोबारा नहीं होने पाये।

पुलिस ने पब्लिक इंटर कालेज की छात्राओं को सिखाये साइबर सुरक्षा और आत्मरक्षा के गुर



छात्राओं को जागरूक करती महिला पुलिस कर्मी

चायल,कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान (फेज-६) के तहत क्षेत्र में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना पुरामुफ्ती पुलिस टीम ने मनौरी रोड स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान थाना पुरामुफ्ती की मिशन शक्ति टीम जिसमें महिला उपनिरीक्षक रश्मि निर्मल महिला कांस्टेबल शैलजा देवी सविता पाल और रीता राजपूत शामिल रहीं ने छात्राओं को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के तौर-तरीकों से अवगत कराया।?टीम ने छात्राओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही हिदायत दी कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपनी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन साझा करने से बचें। साइबर फ्रॉड या ठगी का शिकार होने पर घबराने के बजाय तुरंत कदम उठाने के उपाय भी बताए गए। शिविर में छात्राओं को विपरीत या संकटपूर्ण परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई और उनके उपयोग का तरीका समझाया गया १०९० - वूमेन पावर लाइन (महिला सुरक्षा हेतु) १९३० - साइबर क्राइम हेल्पलाइन (साइबर अपराधों की ऑनलाइन शिकायत के लिए) ?११२ - पुलिस आपातकालीन सेवा (तुरंत पुलिस सहायता के लिए) १०९८ - चाइल्ड हेल्पलाइन (बच्चों एवं बालिकाओं की सहायता के लिए १०७६ - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (शिकायत निवारण हेतु) ?१८१महिला एवं घरेलू हिंसा हेल्पलाइन १०२ / १०८ स्वास्थ्य एवं एम्बुलेंस सेवा पुलिस टीम ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा फब्ती या छेड़खानी की स्थिति में बिल्कुल न डरें। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे मुखर होकर इन हेल्पलाइन नंबरों पर या अपने नजदीकी थाने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा और स्वाभिमान के लिए हर समय तत्पर है। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के प्रधानाचार्य शिक्षकों और छात्राओं ने पुलिस प्रशासन की इस सराहनीय पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और इसे बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला कदम बताया।

अदालत के आदेश पर एससी-एसटी का मुकदमा

कौशाम्बी। नगर पंचायत सिराथू के रावण पर मोहल्ले की रहने वाली उर्मिला देवी पत्नी कैलाश सोनकर ने बताया कि पांच जुलाई २०२६ की रात करीब नौ बजे उसका बेटा रितेश स्थानीय बाजार में आम का ठेला लगाए हुए था। तभी कस्बे के ही निवासी बॉबी केसरवानी ने अपनी गाड़ी से उसे टक्कर मार दी। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम हो गया। इसी बात से आरोपी व उसके परिजन रंजिश रखने लगे और आए दिन धमकाने लगे। २४ जुलाई की शाम आरोपी बॉबी केसरवानी, उसके पिता धर्मेंद्र केसरवानी तथा सहयोगी सर्वेश ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए पिटाई की। मामले में अदालत के आदेश पर गुरुवार को एससी-एसटी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा कायम किया गया है। थाना प्रभारी टीएन पांडेय का कहना है कि इसकी जांच सर्किल अफसर करेंगे। उन्हीं के स्तर से आगे की कार्रवाई होगी।

पलक झपकते ही श्रीराम ने तोड़ दिया धनुष



रामलीला में मंचन करते कलाकार।

करारी,कौशाम्बी। गुवारा तैयबपुर की ऐतिहासिक रामलीला में गुरूवार की रात सीता स्वयंवर और धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। श्रीराम के धनुष तोड़ते ही रामलीला पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। मंचन में दिखाया गया कि राजा जनक की प्रतिज्ञा के अनुसार सीता से विवाह करने के लिए देश-विदेश के राजा स्वयंवर में पहुंचे। सभी ने भगवान शिव के विशाल धनुष को उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई उसे हिला तक नहीं सका। इससे राजा जनक चिंतित हो गए। इस पर लक्ष्मण ने रघुवंश के गौरव का स्मरण कराते हुए कहा कि गुरु की आज्ञा मिले तो श्रीराम इस धनुष को ही नहीं, पूरे ब्रह्मांड को उठा सकते हैं। इसके बाद गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम ने सहज भाव से धनुष उठाया और पलक झपकते ही उसे दो खंडों में तोड़ दिया। धनुष टूटने की गूंज के साथ पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इसके बाद माता सीता ने श्रीराम के गले में वरमाला डालकर उन्हें पति रूप में स्वीकार किया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आकाश यादव, निर्देशक सुभाष विश्वकर्मा, इंद्रजीत मौर्य, हरिश्चंद्र मौर्य, कमलेश यादव और सुरेंद्र दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सराय अकिल क्षेत्र ग्राम सभा पुरखास में युवा व्यापार मंडल कमेटी के अध्यक्ष दशरथ लाल साहू और उनकी टीम के नेतृत्व में मां का भव्य पंडाल सजाया गया। नवरात्रि की पंचमी पर आयोजित जगराते में दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। गुरुवार की रात शुरू हुआ जगराता शुक्रवार की मध्यरात्रि तक निरंतर चलता रहा। भक्तभजन-कीर्तन के बीच पूरी रात माता रानी की भक्ति में लीन रहे। वही आयोजन में चायल के पूर्व विधायक संजय गुप्ता और राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी डा० आशीष श्रीवास्तव शामिल हुए। दोनों अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और मां के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। आयोजक टीम की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। युवा व्यापार मंडल कमेटी की ओर से लगातार १६ वर्षों से जगराते की परंपरा निभाई जा रही है। इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने आयोजन को खास बना दिया। इस दौरान पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता श्रीवास्तव, निखिल केसरवानी, राकेश जैन और विकास कुमार गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नकदी-गहने लेकर युवती प्रेमी के साथ फरार

कोखराज थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी २० साल की बेटी १२ अक्तूबर की शाम खेतों की ओर गई थी। काफी देर तक नहीं लौटी तो खोजबीन की गई। इस दौरान पता चला कि वह पांच हजार रुपया नकद एवं मां के गहने लेकर करारी के लहना निवासी मुकेश कुमार के साथ चली गई है। शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने युगल की तलाश शुरू कर दी है।कोखराज थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी २० साल की बेटी १२ अक्तूबर की शाम खेतों की ओर गई थी। काफी देर तक नहीं लौटी तो खोजबीन की गई। इस दौरान पता चला कि वह पांच हजार रुपया नकद एवं मां के गहने लेकर करारी के लहना निवासी मुकेश कुमार के साथ चली गई है। शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने युगल की तलाश शुरू कर दी है।

गांव की चौपाल में सुनी समस्या

कौशाम्बी। गांव की शिकायतों का गांव में ही निस्तारण हो, इसे लेकर गांव में चौपाल का आयोजन किया गया।

उप जिलाधिकारी चायल प्रेरणा गौतम ने आज ग्राम खिजिरपुर कैलई में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व से संबंधित प्राप्त ०३ शिकायतों का निस्तारण किया गया। ग्राम चौपाल के माध्यम से उप जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान की कार्यवाही की। इसके उपरांत उन्होंने पंचायत भवन में संचालित डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

पट्टीदारों ने मां-बेटे को पीटा, केस दर्ज

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढ़ा गांव की निशा देवी ने बताया कि १४ अक्तूबर की शाम पट्टीदार अमनदीप, गगनदीप, गीता देवी व रोशनी देवी पारिवारिक बातों को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। पीडिता के मुताबिक, हमलावरों ने बीच-बचाव करने पहुंचे उसके बेटे नितिन को भी पीटा। शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने घायलों का मेडिकल करा दिया है। थाना प्रभारी संतोष शर्मा ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है।

पोषण समिति की बैठक में डीपीओ ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

कौशाम्बी। जिला कार्यक्रम अधिकारी की अध्यक्षता में पोषण समिति के एजेंडा बिंदुओं एवं विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक सरस हॉल में आयोजित की गई। बैठक में समस्त खंड विकास अधिकारियों (सीडीपीओ) एवं मुख्य सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान पोषण एवं बाल विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं जीरो टॉलरेंस नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। मुख्य सेविकाएं प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे शुक्रवार को सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सेक्टर बैठक आयोजित कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करें। इसके साथ ही प्रत्येक शुक्रवार को सीडीपीओ मुख्य सेविकाओं के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्र सुबह १० बजे से दोपहर २ बजे तक अनिवार्य रूप से संचालित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान यदि कोई आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया जाता है, तो संबंधित क्षेत्रीय मुख्य सेविका की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सैम बच्चों के प्रबंधन, पोषण ट्रैकर पर फीडिंग की स्थिति, एचसीएम राशन का बिल, खाद्यान की आपूर्ति एवं निरीक्षण, डीएनएस के निर्देशों के अनुपालन, पीएफएमएस पोर्टल पर फीडिंग, पीएमएमवीवाई, मिशन कमन्योगी, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, सक्षम योजना के प्रस्ताव, पोषण वितरण की स्थिति एवं गूगल शीट सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन, पोषण सेवाओं की गुणवत्ता तथा विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में सीडीपीओ सरसवां सुशील कुमार, सीडीपीओ मूरतगंज/नेवादा रेनू वर्मा, सीडीपीओ मंझनपुर/कौशाम्बी सिटी रामेश्वर पाल, सीडीपीओ चायल सतीश चन्द्र, सीडीपीओ कौशांबी अनुज प्रताप सिंह, सीडीपीओ कड़ा प्रतिभा देवी सहित समस्त मुख्य सेविकाएं उपस्थित रहीं।

रामलीला में राम वनगमन एवं कैकयी-दशरथ संवाद का भावपूर्ण मंचन

पिता के वचनों का पालन करना पुत्र का धर्म,कैकयी के वरदान से राम को मिला वनवास



मंझनपुर में रामलीला में मंचन करते कलाकार।

कौशाम्बी। श्रीरामलीला कमेटी मंझनपुर द्वारा आयोजित रामलीला में गुरुवार की रात राम वनगमन एवं कैकयी-दशरथ संवाद का भावपूर्ण मंचन किया गया। जैसे ही कैकयी ने राजा दशरथ से अपने दो वरदान मांगते हुए श्रीराम को १४ वर्ष का वनवास और भरत को अयोध्या का राजतिलक देने की बात कही, पूरा रामलीला मैदान भावुक हो उठा।

मुख्यालय में चल रहे रामलीला मंचन में दिया गया कि राम वनगमन एवं कैकयी-दशरथ संवाद का भावपूर्ण मंचन किया गया। जैसे ही कैकयी ने राजा दशरथ से अपने दो वरदान मांगते हुए श्रीराम को १४ वर्ष का वनवास और भरत को अयोध्या का राजतिलक देने की बात कही। मंच पर कैकयी के कठोर निणन्य से व्यथित राजा दशरथ ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। दशरथ ने कहा 'कैकयी राम के बिना मैं जीवित नहीं रह सकता, तुम मुझसे मेरा प्राण क्यों मांग रही हो' इस पर कैकयी अपने वरदान पर अडिग रहीं और बोलीं 'महाराज, आपने मुझे दो वर देने का वचन दिया था, अब अपने वचन को पूरा कीजिए।' राजा दशरथ ने पीड़ा में कहा 'रघुकुल की रीति सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई।' लेकिन पुत्र वियोग की कल्पना से ही वे व्याकुल हो उठे। जब श्रीराम को वनवास की बात पता चली तो उन्होंने पिता के वचन को सवोपरि मानते हुए बिना किसी विरोध के वन जाने का निणन्य लिया। श्रीराम ने कहा 'पिताजी ने जो वचन दिया है, उसे पूरा करना मेरा धर्म है। मैं प्रसन्नता से वन जाऊंगा।' श्रीराम की यह मर्यादा और त्याग देखकर दर्शक भावुक हो गए। राम के साथ माता सीता और भाई लक्ष्मण ने भी वन जाने का निर्णय लिया। अयोध्यावासियों ने राम को रोकने का प्रयास किया, लेकिन श्रीराम ने सभी को समझाते हुए धर्म और पिता के वचन की मर्यादा बनाए रखने की बात कही। राम, सीता और लक्ष्मण के वन की ओर प्रस्थान करते ही रामलीला मैदान में 'जय श्रीराम' के जयघोष गूंज उठे। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने पूरे प्रसंग को श्रद्धा और भावुकता के साथ देखा। मंचन के दौरान कमेटी के अध्यक्ष आशीष केसरवानी ने आये हुए अतिथि को मंच के माध्यम से तैल्यचित्र देकर स्वागत अभिनन्दन किया है। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आशीष केसरवानी उर्फ बच्चा, महामंत्री पंकज गामा, पंकज शर्मा, उपाध्यक्ष ज्ञानचन्द्र गुप्ता, सुशील श्रीवास्तव, अमरेश, संगठन मंत्री झल्लूर चौरासिया, सुशील केसरवानी, रोहित गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, सोने लाल, अजय वर्मा, रिंकू, सहित रामलीला कमेटी के पदाधिकारी एवं आये हुए अतिथियों में संजय जयसवाल सहित करारी रामलीला कमेटी के पदाधिकारी, महेश लोधी, विपिन केसरवानी, सुनील, मण्डल अध्यक्ष मंझनपुर सहित नगर के सम्भ्रान्त एवं आस-पास क्षेत्र के लोग मौजूद रहें।

सरसवां ब्लाक के गोराजू गांव में चल रही ऐतिहासिक रामलीला में गुरुवार रात रावण-बाणासुर संवाद और सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। कलाकारों ने प्रभावशाली संवाद और सजीव अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। भगवान श्रीराम के शिवधनुष तोड़ते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। रामलीला में दिखाया गया कि महर्षि विश्वामित्र के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण राजा जनक के निमंत्रण पर सीता स्वयंवर में पहुंचते हैं।

घरेलू विवाद में विवाहिता की पिटायी,केस दर्ज

करारी,कौशाम्बी। करारी कोतवाली क्षेत्र के तियरा जमालपुर गांव में बुधवार की रात घरेलू विवाद को एक विवाहिता की पिटाई की गई। इसके बाद उसे जान से मारने की धमकी दी है। मारपीट से पीडिता को काफी चोटें आई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पति व सास के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है, आरोप सही पाये जाने पर कारवाई होगी।

तियरा जमालपुर गांव की सुषमा देवी पत्नी निरंजन ने बताया कि पति व सास उसे काफी दिनों से प्रताडित करते हैं। १४ अक्टूबर की रात करीब आठ बजे घरेलू विवाद को लेकर पति निरंजन व सास विमला देवी ने गाली गलौच शुरू कर दिया। गाली देने से मना करने पर लात घूंसे से जमकर पिटाई की गई। इसके बाद जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से विवाहिता को काफी चोटें आई है। शिकायत के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। मामले को लेकर थानेदार से बात किया गया तो उनका कहना है, कि घटना की जानकारी हुई है, पीडित ने तहरीर दिया है, जिस पर प्राथमिकी दर्ज करा दिया गया है, घटना की जांच कराया जा रहा है, आरोप सही पाये जाने पर आरोपियों के खिलाफ विधिक कारवाई किया जायेगा।

मां काली, दुर्गा और राधा-कृष्ण की झांकियों ने मोहा मन

प्रयागराज के कलाकारों की प्रस्तुतियों पर देर रात तक झूमे श्रद्धालु, बरसाने की होली में महिलाओं ने किया नृत्य,नौ दुर्गा के स्वरूप में सजे नौनिहाल, झांकी देखकर भावविभोर हुए लोग



मां काली की आरती करते श्रद्धालु ।

करारी,कौशाम्बी। शारदीय नवरात्र के अवसर पर कस्बे के रामलीला मैदान में सजे भव्य दुर्गा पूजा पंडाल में भक्ति और आस्था की छटा बिखर रही है। मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के लिए सुबह-शाम श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। वृहस्पतिवार की रात पंडाल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रयागराज से आए कलाकारों ने मनोहारी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों ने मां काली, मां दुर्गा और राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। देवी-देवताओं के स्वरूपों की सजीव प्रस्तुति देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। झांकियों के मंचन के दौरान पूरा पंडाल जयकारों और भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। श्रद्धालु देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बरसाने की होली रही। इस दौरान कलाकारों की प्रस्तुति पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने नवरात्र के उत्सवी माहौल को और भी खास बना दिया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर पंकज शर्मा, प्रदीप केसरवानी, सचिन वर्मा, रामू अग्रहरि, बाल गोविंद साहू, राज केसरवानी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

सिराथू स्थित माइंडफुल प्लस एजुकेशन विद्यालय में नवरात्रि पर्व पर शुक्रवार को भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। नन्हे-मुन्ने बच्चे मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में सजे तो विद्यालय का परिसर भक्तिमय हो उठा। बच्चों की मनमोहक झांकियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। किसी ने मां शैलपुत्री का रूप धरा तो किसी ने मां ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के स्वरूप में आकर्षक प्रस्तुति दी। शेर पर सवार मां दुर्गा के रूप में सजी नन्ही बालिका विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भगवान शिव सहित अन्य देवी-देवताओं की झांकियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय की संस्थापिका एवं प्रधानाचार्या दीक्षा सेठी ने कहा कि बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का ध्येय संस्कार भी, उड़ान भी है। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं और अभिभावकों का विशेष सहयोग रहा।

युवक की पिटायी के मामले में केस दर्ज

कौशाम्बी। पिपरी मजरा चरवा निवासी प्रियंका देवी ने बताया कि १४ अक्तूबर की रात पड़ोस के रहने वाले शैलेंद्र कुमार, सिद्धार्थ व गौतम गांव स्थित धर्म स्थल के पास जुआ खेल रहे थे। साथ ही उसके घर के सामने बाथरूम कर रहे थे। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने पीडिता के भाई जितेंद्र की पिटाई कर दी। मामले की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने घायल का मेडिकल करा दिया है। थाना प्रभारी विनय सिंह ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है।

CMYK

CMYK